Pioneer - 9 March, 2020

होली पर नोएडा में दो तो दिल्ली में ढाई बजे के बाद चलेगी मेट्रो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

होली के दिन 10 मार्च को दिल्ली-एनसीआर में मेट्रो सेवा दोपहर बाद 230 बजे के बाद ही शुरू होगी। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के प्रवक्ता ने बताया कि एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन सहित सभी रूट पर यही व्यवस्था रहेगी। दोपहर से पहले कोई भी मेट्रो ट्रेन नहीं चलेगी और मेट्रो फीडर बसें भी इस दौरान उपलब्ध नहीं हो पाएंगीं। दोपहर बाद सभी लाइनों पर मेट्रो ट्रेन की सेवाएं रोजाना की तरह सामान्य हो जाएंगीं।

नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) के अनुसार नोएडा में एक्वा लाइन पर मेट्रो सेवा दो बजे के बाद मिलेगी। एनएमआरसी अधिकारियों ने बताया कि सभी मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग स्थल भी दो बजे के बाद ही खोले जाएंगे।

गौतम बुद्ध नगर जिले को कवर करने वाली एक्वा लाइन पर 21 मेट्रो स्टेशन हैं, जिसकी कुल लंबाई 29.7 किलोमीटर है। बयान के अनुसार, मेट्रो ट्रेन सेवाएं 10 मार्च को एक्वा लाइन पर दोपहर दो बजे शुरू होंगी और उसके बाद सामान्य समय के अनुसार चलती रहेंगी। ट्रेनें 15 मिनट के अंतराल पर चलेंगी।